# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 11 मार्च 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल के कोच्चि में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए -ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दिया ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - हरियाणा और कनाडा कई क्षेत्रों में सहयोग कर, सतत विकास का मजबूत मॉडल पेश कर सकते हैं ।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पंचकुला सेक्टर -6 स्थित सिवल अस्पताल का औचक निरिक्षण किया - अस्पताल के भवन में खामियाँ पाई गई , मंत्री ने चिकित्सा सेवाओं पर सन्तुष्टि व्यक्त की ।
- पलवल के राजकीय उद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मादक पदार्थों के निषेध व मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता सेमीनार का आयोजन ।
- चंडीगढ़ के उपायुक्त ने पश्चिम एशिया में उत्पन्न स्थिति के मद्देनजर बाजार की स्थिति की सतत निगरानी पर बल दिया ।

*************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल के कोच्चि में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सम्मेलन को संबोधित करते हुए आत्मनिर्भरता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह संकट हमें आत्मनिर्भरता के महत्व का बोध कराता है।

श्री मोदी ने कहा -

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज अपने चंडीगढ़ आवास संत कबीर कुटीर पर इंडो-कनाडा चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री प्रशांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में आए एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कनाडा के साथ बढ़ते सहयोग को एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देखता है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा और कनाडा कई ऐसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर सकते हैं, जिनसे साझा प्रगति और सतत विकास का एक मजबूत मॉडल तैयार किया जा सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस -एआई और स्मार्ट गवर्नेंस में संभावित सहयोग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रशासन को अधिक पारदर्शी, कुशल और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए डिजिटल और एआई आधारित समाधानों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कनाडा वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों में से एक है और स्मार्ट गवर्नेंस, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं तथा कृषि क्षेत्र के लिए एआई आधारित समाधानों जैसे क्षेत्रों में सहयोग से शासन और जनसेवा वितरण को और सशक्त बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा और कौशल विकास के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, नवाचार और तकनीकी उद्यमिता भी परस्पर सहयोग के लिए एक बड़ा क्षेत्र है।

कृषि और एग्रीटेक के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में सहयोग से उत्पादकता और आय दोनों को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल हरियाणा और कनाडा के बीच दीर्घकालिक और संस्थागत सहयोग की मजबूत आधारशिला बन सकती है।

*************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज पंचकूला के सेक्टर 6 स्थित सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर हरियाणा स्वास्थ्य सेवाएं के महानिदेशक डॉ मनीष बंसल पंचकूला की सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि वे डॉक्टरों की सेवाओं से तो काफी संतुष्ट हैं।किन्तु अस्पताल के भवन में बहुत सी खामियां है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया -

उन्होंने बताया कि अस्पताल के सभी नवजात शिशु सघन देखबाल यूनिट- निक्कू में बच्चों का पूरी तरह इलाज हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जच्चा बच्चा अस्पताल भी लगभग तैयार हो चुका है और जल्द ही अस्पताल प्रशासन को उसे सौंप दिया जाएगा। क्योंकि इस मामले में अभी फायर एनओसी मिलना बाकी है, इसलिए स्वास्थ्य मंत्री स्वयं लोक निर्माण मंत्री से बातचीत कर एनओसी दिलवाने को कहेंगी।

************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

************************************************************

पलवल के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज मादक पदार्थों के निषेध व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल द्वारा रक्तदान शिविर व दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के अध्यक्ष डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

डा. वशिष्ठ ने बताया कि बहीन गांव की सरकारी स्कूल की छात्राओं ने लोकतंत्र के मूल्य एवं संसद की कार्यप्रणाली के बारे में आईटीआई पलवल के विद्यार्थियों को जागरूक किया ।

उन्होंने आगे बताया -

************************************************************

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी रोकने हेतु उपायों पर आज चंडीगढ़ के उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया

गया। बैठक में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी, विभिन्न मार्केट संघों के प्रतिनिधि, उपभोक्ता संगठनों के सदस्य तथा आवश्यक वस्तुओं के प्रमुख व्यापारी एवं थोक विक्रेता उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति के कारण आपूर्ति श्रृंखला और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाजार की स्थिति पर सतत निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि कृत्रिम कमी और अनावश्यक मूल्य वृद्धि को रोका जा सके।

उन्होंने हितधारकों को जमाखोरी विरोधी नियमों का सख्ती से पालन करने तथा निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करने के निर्देश भी दिए।

**********************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया ने आज अंबाला शहर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत जन सुनवाई की।

श्रीमती रेणु भाटिया ने बताया -

**********************************************************

नूंह जिले के थाना पिनंगवा क्षेत्र में मेघालय पुलिस की टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी राहुल खान को छुड़ाने के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस पार्टी पर हमला करने के आरोप में 12 नामजद व्यक्तियों सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है । नूंह के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव ने बताया कि मेघालय पुलिस वाजीदपुर निवासी राहुल को ए.टी.एम लूट के मामले में मेघालय ले जा रही थी । आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर ले जाते समय जब पुलिस टीम गांव सिकरावा के पास एच आर 93 डोंगा होटल के नजदीक पहुंची तो आरोपी ने गाड़ी रुकवा कर हाथापाई की इस दौरान भीड़ ने पुलिस वाहन को घेर लिया ।

पुलिस पार्टी को आत्मरक्षा में गोली चलनी पड़ी, जिस दौरान एक युवक के पैर में गोली लगी।घायल युवक को पीजीआई रोहतक में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका स्वास्थ्य स्थिर है।

*************************************************************

नूंह जिले में तावडू की अपराध जांच टीम ने करीब 50 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपये बताई जा रही है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी मुरसलिम ने बताया कि उन्होंने हेरोइन को भाजलाका निवासी साहिब से खरीदा था।

*************************************************************